तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने की मांग पर अभियान, साजा में ...



10 साहू समाज का गौरवशाली इतिहास, माता कर्मा ने ...




## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### यातायात नियम तोड़ा 161 चालकों पर की कार्रवाई

**बेमेतरा।** पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 26 अप्रैल 2026 को जिलेभर में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 161 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने 92 प्रकरणों में 27,800 रुपये समन शुल्क वसूला, जबकि 69 प्रकरण न्यायालय में पेश किए गए। कार्रवाई के दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाना, मॉडिफाइड साइलेंसर और बिना लाइसेंस जैसे मामलों पर विशेष सख्ती बरती गई। इसके अलावा "सशक्त ऐप" के जरिए 100 वाहनों की जांच कर गुम व चोरी के वाहनों की पहचान भी की गई। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा सुरक्षित ड्राइविंग अपनाएं।

### गौ माता की रक्षा के लिए पीएम के नाम ज्ञापन

**देवकर।** देशव्यापी आंदोलन के तर्ज पर नगर में भी गाय कि सुरक्षा, संरक्षा, व सम्मान कि दिशा में गौ भक्तों का हुजूम उमड़ा। पैदल यात्रा कि शुरुआत प्रवेश द्वार से सटा धर्म ध्वज चौक, हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते तहसील कार्यालय पहुंचा। पदयात्रा में धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, गौ भक्त, बच्चे,युवक सहित सैकड़ों कि संख्या में महिलाएं भी सम्मिलित हुई। इस दौरान गौ वंश के सम्मान में विभिन्न मांगों को प्रदर्शित करता बैनर, पोस्टर, देखे गए तो वही लोगों के हाथों में भगवा झंडा लहराते देखा गया। पूरा नगर गौ माता कि जय, गौ माता राष्ट्र माता कि पुकार से गूंज उठा। पहली बार गौ वंश को लेकर उसकी सुरक्षा व सम्मान कि दिशा में यह पहल देखकर लोगों में नई चेतना का संचार हुआ। देश व्यापी आंदोलन में देवकर भी जुड़कर नेक कार्य में अपना योगदान दिया। छत्तीसगढ़ के धर्म, संस्कृति, परंपरा, पर्व , कृषि, पर्यावरण व गांव कि आर्थिक ढांचा में गाय कि महत्ता को दर्शाकर गौ वंश को /"राज्य माता/" का दर्जा देने का प्राथना पत्र मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा गया।

### चाकू से हमला करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायकत के बाद पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कुम्हारी थाना प्रभारी पुरूषोत्तम कुर्रे ने बताया कि कंडरका वार्ड 2 निवासी चन्द्रप्रकाश तिवारी उर्फ मोना को गांव के फरीद अली (बाबे), डिगेश्वर साहू (बंठ) के द्वारा प्राण घातक हमला किया। चंद्रप्रकाश को गंभीर अवस्था में रायपुर एम्स अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया है। घटना 24 अप्रैल की रात का है। ग्राम कंडरका पेट्रोल पंप चक्रधारी ट्रेडर्स के पास मेन रोड पर पीड़ित था। तभी डिगेश्वर साहू , फरीद अली दोनो पहुंचे और उसे बोलने लले गांव के नल को तोडे है। इसकी जानकारी ग्राम पंचायत के लोगो को क्यो बताया कहकर धमकी देने लगे। विवाद करते डिगेश्वर ने पीड़ित के साथ मारपीट कर पकड रखा था। फरीद अली उर्फ बाबे अपने पास रखे चाकु से हत्या करने के लिए पीड़ित सीना, पीठ, सिर में लगातार वार करने लगा। घटना में पेट में सीना के नीचे दाएं तरफ, पीठ, हाथ, सिर में चोट आई है।

# तहसील क्षेत्र में 1 मई से 'सुशासन तिहार 2026' की शुरुआत, शिविरों के माध्यम से जन शिकायतों का त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

तहसील क्षेत्र में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से 'सुशासन तिहार 2026' का आयोजन 1 मई से शुरू होने जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जोन बनाकर तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां मौके पर ही जन समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

राज्य शासन ने 30 अप्रैल तक लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। यह अभियान 1 मई से 10 जून तक चलेगा, जिसमें प्रशासनिक अमला शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेगा। नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू ने बताया कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आमजन को पारदर्शी, सरल और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसके तहत 30 अप्रैल तक लंबित मामलों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इनमें भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा मजदूरी भुगतान, हितग्राही योजनाओं के लंबित भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली व ट्रांसफार्मर समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## 30 तक लंबित प्रकरणों का करें निपटारा

### शिविर 10 जून तक

शासन तिहार के अंतर्गत प्रदेशभर में 1 मई से 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह में तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर लगाए जाएंगे।इन शिविरों में जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा और पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। साथ ही शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने और आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं।



### नगर पंचायत में तीन शिविर प्रस्तावित

थान खम्हरिया नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 5-5 वार्डों के लिए तीन शिविर आयोजित किए जाने की संभावना है। कलेक्टर की बैठक के बाद तहसील स्तर पर शिविरों का मसौदा तैयार किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर जन शिकायतों का निराकरण करेंगे। इस पहल से क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें एक ही स्थान पर त्वरित राहत मिल सकेगी।

### विरोध : उसलापुर झिरिया की घटना की जांच व किसानों को मुआवजा देने की मांग

# गौवंश की मौत और फसल नुकसान पर भड़की युवा कांग्रेस, सिग्नल चौक पर पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर के सिग्नल चौक में सोमवार को जिला युवा कांग्रेस बेमेतरा द्वारा गौवंश की मौत और किसानों की फसल नुकसान के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम और राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन ग्राम उसलापुर झिरिया में हुई घटना को लेकर किया गया।

प्रदर्शन के दौरान तहसीलदार मौके पर पहुंचे जिन्हें कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रांजल तिवारी, दीपक दिनकर की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा गया इस पर तहसीलदार ने जांच टीम गठित कर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार, वन विभाग द्वारा निर्मित करीब 157 एकड़ मानव निर्मित वन क्षेत्र में से लगभग 30 एकड़ भूमि को घेरकर 300 से 400 गौवंश को बिना पर्याप्त चारा-पानी के बंद कर दिया गया था, जिससे 30 से 40 गौवंश की मौत हो गई। मामला बढ़ने पर प्रशासन ने रातों-रात गौवंश को छोड़ दिया, जिसके चलते आसपास के किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ। इससे क्षेत्र के किसानों में नाराजगी है।

युवा कांग्रेस ने मृत गौवंश के मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई, प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने और गौवंश को सुरक्षित गौशालाओं में रखने की मांग की है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने कहा कि यह घटना प्रशासन की लापरवाही और सरकार की संवेदनहीनता को उजागर करती है। उन्होंने मांग की कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, किसानों को उचित मुआवजा मिले और गौवंश को सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए। जिला महासचिव एवं जनपद सदस्य दीपक दिनकर ने कहा कि युवा कांग्रेस लगातार गौवंश और किसानों के अधिकारों के लिए संघर्षरत है। उसलापुर झिरिया की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।



**ये रहे उपस्थित**

इस दौरान अतुल साहू, राजू साहू, प्रतीक दुबे, ऋत्विक तिवारी, इमरान खान, वतन मिश्रा, राहुल जोशी, उत्पल गायकवर्ड, आशीष तिवारी, आत्मानंद सारथी, संदीप साहू, कौनेन अली, शुभ अजमानी सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साजा विकासखंड में तीसरी बार मॉक टेस्ट परीक्षा आयोजित, 117 छात्र हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड साजा में राष्ट्रीय साधन-सह-प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा एवं प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर तीसरी बार मॉक टेस्ट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कुल 117 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह पहल साजा और बेरला ब्लॉक के स्वप्रेरित शिक्षकों द्वारा की जा रही है, जिनका उद्देश्य मिडिल स्कूल स्तर पर ही विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयुक्त शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। परीक्षा के माध्यम से बच्चों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव देने के साथ-साथ समय प्रबंधन और प्रश्न पत्र के पैटर्न की समझ विकसित की जा रही है। मॉक टेस्ट के लिए तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परपोड़ी स्थित वीरांगना रानी अवंती मेमोरियल स्कूल में 46, महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतरा में 30 तथा सेजेस बालक विद्यालय साजा में 41 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए साजा-बेरला के शिक्षकों की सराहनीय पहल, बच्चों में बढ़ रहा आत्मविश्वास

इस पूरी पहल का नेतृत्व शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरतरा के व्याख्याता कमलेश कुमार वर्मा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों और पालकों को जोड़ने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण किया है, जिसके माध्यम से कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 15 से 20 प्रश्नों के अभ्यास लिंक और शैक्षणिक वीडियो उपलब्ध कराए जाते हैं।

इस कार्य में बीईओ, बीआरसी तथा अन्य शिक्षकों का भी सहयोग मिल रहा है। विशेष रूप से संकुल समन्वयक कुम्भलाल वर्मा (पातरझोरी) और शिक्षक नरेश बघेल (मिडिल स्कूल भरदा लोधी) का योगदान उल्लेखनीय है। लगातार तीसरी बार आयोजित इस मॉक टेस्ट से विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर आत्मविश्वास और मानसिक तैयारी मजबूत हो रही है। बेरला ब्लॉक के नवाचारी शिक्षक सुरेन्द्र पटेल मार्गदर्शन में 7 सदस्यीय तकनीकी टीम भी बनाई गई है, जो अभ्यास प्रश्न और प्रश्न पत्र तैयार करती है।

आगामी 2 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय साधन-सह-प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए साजा ब्लॉक में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी माध्यम बालक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यहां कुल 312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी—पहली पाली सुबह 10:00 से 11:30 बजे तक (मानसिक योग्यता) और दूसरी पाली दोपहर 1:00 से 2:30 बजे तक (विषय आधारित) होगी।

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने भक्तों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर के श्रीराम सेवा सत्संग समिति व गौभक्तो के द्वारा आज गो सम्मान आव्हान अभियान अंतर्गत गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करने सहित विभिन्न मांगो को लेकर तहसीलदार सरिता मढरिया व नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू को प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम बसंत बिहारी दास के नेतृत्व मे ज्ञापन सौपा गया। नगर के जमात मंदिर से रैली रूप मे दर्जनो गौभक्त नारे लगाते तहसील कार्यालय पहूंचे।

यह राष्ट्र व्यापी अभियान भारतीय देशी गोवंश की सुरक्षा,संवर्धन व राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने का एक व्यापक आभियान का हिस्सा है।इस कार्यक्रम मे तहसील क्षेत्रभर के गौभक्त शामिल होंगे जिसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।समिति के प्रमुख मांगो मे गौमाता को राष्ट्रमाता की संवैधानिक मान्यता,केन्द्रीय गौ सेवा संरक्षण अधिनियम बनाने,गौहत्या को संज्ञेय एवं गैर जमानतीअपराध की श्रेणी मे लाने,ग्राम पंचायत स्तर पर नंदी शाला व जिला स्तर पर आदर्श अभ्यारण खोलने,राष्ट्रीय राजमार्ग मे गो वाहिनी एम्बुलेंस सुविधा,चारा सुरक्षा कानून बनाकर चारे का औद्योगिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाने,गोचर विकास बोर्ड का गठन तथा गौ तस्करी पर अंकुश एवं पशु मेला नियमन का प्रस्ताव जैसे मांगे शामिल है। उक्त कार्यक्रम में थान खम्हरिया के अलावा उमरावनगर, गातापार, टिपनी, गोपालपुर, बनरांका, नवागांवकला, चिखली, हाड़ाहुली, गुवारा, दर्री, हाटरांका, तोरन जैसे दर्जनो गांव के गौभक्त शामिल हुए। इसके पूर्व सभी गौभक्त स्थानीय जमात मंदिर मे एकत्रित होकर भजन कीर्तन किये तत्पश्चात समिति के सदस्यो ने दोपहर 12 बजे तहसील कार्यालय के लिए रैली के रूप मे प्रस्थान किये,इन लोगो के हाथो मे गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने वाला तख्ती लिए नारा लगाते हुए आपनी मागो को बुलंद किये।ज्ञापन सौपने वालो मे प्रमुख रूप से गौशाला सदस्य गौतम केडिया, अनिल सिंघानिया,गोपाल कागलीवाल, बीर सिह ▶▶| शेष पेज 11 पर

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन और धूम्रपान पर कार्रवाई, 59 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है।

इसी कड़ी में आबकारी एक्ट और कोटपा एक्ट के तहत कुल 59 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।आबकारी एक्ट के तहत 3 आरोपी गिरफ्तार जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने और शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 3 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

आरोपियों में राजकुमार आहिरे (42 वर्ष, मोतिमपुर, थाना नवागढ़), खुलेश विश्वकर्मा (28 वर्ष, कुटरू, थाना साजा) और मनीष सिन्हा (31 वर्ष, भरतपुर, थाना साजा) शामिल हैं। इन सभी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं जिले के थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान कोटपा एक्ट के तहत कुल 56 प्रकरण दर्ज किए गए।

### बंद रहा असरदार, समाधान नहीं होने पर कारोबार ठप करने की दी चेतावनी

# खाद संकट और नीतिगत विसंगतियों के खिलाफ कृषि व्यापारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के कृषि व्यापारियों ने खाद व्यापार में आ रही गंभीर समस्याओं और नीतिगत विसंगतियों के विरोध में सोमवार को एक दिवसीय बंद का आह्वान किया, जो पूरी तरह सफल रहा। जिले भर की सभी कृषि दुकानें बंद रहीं और व्यापारियों ने एकजुटता के साथ अपनी मांगों को बुलंद किया। इस बंद का व्यापक असर देखने को मिला, जहां किसानों को भी अस्थायी रूप से खाद नहीं मिल पाया।

बंद के बाद व्यापारियों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री, कृषि मंत्री एवं उर्वरक और रसायन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान में रासायनिक उर्वरक की लागत ही निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक पड़ रही है। ऐसे में निर्धारित दर पर खाद बेचना संभव नहीं हो पा रहा है। उनका कहना है कि कंपनियों द्वारा खाद के साथ अन्य कृषि उत्पादों को जबरन "लदान" के रूप में दिया जा रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।




### होलसेल डीलरों पर भी आरोप

व्यापारियों ने जिले के बाहर के होलसेल और रैक हैंडलिंग डीलरों पर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि ये डीलर लदान और परिवहन के नाम पर एमआरपी से अधिक कीमत वसूल रहे हैं, जिससे खुदरा व्यापारियों के सामने संकट खड़ा हो गया है। इस पूरी व्यवस्था का सबसे अधिक असर छोटे और मध्यम व्यापारियों पर पड़ रहा है। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि वे अब न तो निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद खरीदेंगे और न ही बेचेंगे।

### मार्कफेड मॉडल लागू करने की मांग़

व्यापारियों ने मांग की कि मार्कफेड की तर्ज पर बिना लदान के उर्वरक सीधे विक्रेताओं तक पहुंचाया जाए, ताकि किसानों को उचित मूल्य पर खाद मिल सके और व्यापारियों को भी राहत मिले। व्यापारियों ने साथी पोर्टल" में बदलाव करते हुए केवल निर्माताओं का पंजीयन अनिवार्य करने, सील पैक उत्पादों की जिम्मेदारी निर्माता पर तय करने और शिकायत की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई के बजाय व्यापारी को भी पक्ष रखने का अवसर देने की मांग की। व्यापारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उर्वरक दुकानों का संचालन स्वतः बंद हो जाएगा, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सिद्दीक खान, संरक्षक ओम प्रकाश राठी, युवराज पटेल, प्रशांत वर्मा, अश्वनी बंजारे, अर्पित गुप्ता, जावेद मेमन, समीर टिकरिहा, मनोज वर्मा, विकास वर्मा, हितेंद्र साहू, सुरेश वैष्णव सहित जिले भर के बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक 5 कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के अनुमोदन और विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन में ब्लॉक 5 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष दानेश्वरी साहू ने पदाधिकारी और सभी सदस्यों की सूची जारी की। घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष 5, महामंत्री 6, संयुक्त मंत्री 9, कोषाध्यक्ष 1, प्रवक्ता 1, सोशल मीडिया प्रभारी 1, सचिव 15, कार्यकारिणी सदस्य 10 शामिल हैं। सूची में उपाध्यक्ष के रूप में राजश्री उपलपवार, अरुण अग्रवाल, एम एब्लू, मोहम्मद सैफ अहमद, चिराग खंडेलवाल, महामंत्री पद के लिए प्रदीप कुमार साइमन, केसय्या कोंट्रा, संजीव सेमुवल, सी अनिल, हितेश पथरी मोहम्मद फैजल खान आदि शामिल हैं। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्लॉक 5 कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे ।

### नो-पार्किंग के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने 87 का चालान काटा




**भिलाई।** सड़क के नोट पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करने वाले चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 87 चालको को ई चालान की कार्रवाई की गई। अभियान के तहत राजेन्द्र प्रसाद चौक से ग्रीन चौक एवं इंदिरा मार्केट क्षेत्र, मालवीय नगर चौक से आयुक्त कार्यालय के सामने तक, कुम्हारी से गुरुद्वारा चौक मार्ग तथा ब्रिज के नीचे अवैध रूप से खड़े वाहनों पर विशेष निगरानी रखकर चालानी की गई। वर्ष 2026 में अब तक कुल 2171 वाहनों पर नो-पार्किंग उल्लंघन के प्रकरणों में कार्रवाई हो चुकी है।

### लोगों ने विधायक देवेंद्र को बताई वार्ड की समस्याएं

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित कार्यालय में लोगों से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान खुर्सीपार, छावनी, नंदिनी रोड, हुडको, सेक्टर-7 और 8 के रहवासियों ने अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान आत्मानंद स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों के प्रवेश के लिए सेक्शन बढ़ाने की मांग की गई। प्रतिष्ठित निजी स्कूलों में टाउनशिप के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले परिवार के बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश के लिए अपात्र बताये जाने,पेयजल संकट और अन्य स्थानीय समस्याओं के संबंध में विधायक को अवगत कराया। विधायक यादव ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता है। वाटर एटीएम को लेकर उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करेंगे। वहीं हुडको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष दानेश्वरी साहू और उनकी कार्यकारिणी सदस्यों ने मुलाकात कर कमेटी की आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी।

**मांग**

**पूरे आयोजन में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी का अनूठा समन्वय देखने को मिला**

# गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने की मांग पर अभियान, साजा में निकली भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर देशभर में सोमवार, 27 अप्रैल को एक व्यापक और संगठित अभियान चलाया गया। गौभक्तों ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा। यह अभियान केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं, बल्कि एक बड़े जनआंदोलन के रूप में उभरता नजर आया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

मुख्यालय में भी एक भव्य और सुव्यवस्थित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों की संख्या में गोभक्त, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक संगठनों के सदस्य और आम नागरिक एकत्रित हुए। कार्यक्रम के दौरान नगर में रैली निकालकर गौ संरक्षण, गौ सेवा और गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग को लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी का अनूठा समन्वय देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत साजा स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर से हुई, जहां सुबह से ही लोगों का जुटना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना, हवन और गौ माता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ एक विशाल रैली निकाली गई, जिसने नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। रैली में शामिल लोग हाथों में तख्तियां, बैनर और पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर गौ संरक्षण और राष्ट्रमाता बनाने की मांग से जुड़े संदेश लिखे हुए थे। रैली के दौरान गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करो गौ तस्करी बंद करो गौ सेवा ही सच्ची सेवा है। जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस कार्यक्रम की सबसे खास और आकर्षक झलक नंदी बाबा की रही, जिन्हें दूल्हे के रूप में सुसज्जित कर रैली में शामिल किया गया। सजे-धजे नंदी बाबा पूरे नगर में आकर्षण का केंद्र बने रहे और लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। इस प्रतीकात्मक प्रस्तुति के माध्यम से आयोजकों ने गौवंश के प्रति सम्मान और संरक्षण का संदेश आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया। रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए धर्मध्वज राम मंदिर पहुंची और वहां से तहसील कार्यालय की ओर अग्रसर हुई। तहसील कार्यालय परिसर में पहुंचने के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग गौवंश के संरक्षण के लिए ठोस और प्रभावी नीति बनाने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।






कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, परंपरा और ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है। प्राचीन काल से ही गौ सेवा को पुण्य कार्य माना गया है और समाज में इसका विशेष महत्व रहा है। हालांकि वर्तमान समय में गौवंश कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें गौ तस्करी, घुमंतू पशुओं की समस्या और उचित देखभाल का अभाव प्रमुख हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि गौ संरक्षण केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि यह हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि नगर स्तर पर भी गौवंश के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और इस दिशा में जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। इस आयोजन में गौसेवकों और अन्य सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ,तोरण सिन्हा ,धीरज साहू अतुल वर्मा, रामधर वर्मा मनोज मानिकपुरी ,राहुल मानिकपुरी , हरीश चौहान , संदीप, झम्मन, गोविंद सहित कई कार्यकर्ता आयोजन की व्यवस्था और संचालन में सक्रिय रूप से शामिल रहे। सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

गौसेवक धीरज साहू ने कहा यह आयोजन पूरे भारत की सभी तहसीलों में एक साथ किया जा रहा है। हमारे यहाँ भी समस्त गौसेवकों और सनातनी हिंदू भाइयों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। हम सभी की एक ही मांग है कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए, और इसी उद्देश्य से यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है।

विनोद बंजारे तहसीलदार साजा ने कहा गौसेवकों द्वारा गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। यह ज्ञापन राष्ट्रपति, राज्यपाल और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित है। इसे नियमानुसार आगे प्रशासन को प्रेषित किया जाएगा



## गौ सम्मान आह्वान अभियान की भव्य रैली, सैकड़ों लोगों की सहभागिता

**नवागढ़।** पनगर में रविवार को आस्था, उत्साह और जनसमर्थन का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब "गौ सम्मान आह्वान अभियान" के तहत एक भव्य आयोजन किया गया। गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने की मांग को लेकर निकली यह जनजागरण रैली नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। सैकड़ों की संख्या में सनातन धर्मावलंबियों और गौ सेवकों की भागीदारी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के राम मंदिर से हुई, जहां से भक्ति गीतों और गूंजते जयकारों के बीच शोभायात्रा निकाली गई। "गौ माता का सम्मान करो", "गौ रक्षा—देश रक्षा" जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। युवाओं ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जनजागरूकता का संदेश दिया। पूरे मार्ग में जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया, जिससे माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण हो गया। यह भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंची, जहां सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने एकजुट होकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने, गौ वंश की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने तथा गौशालाओं को सुदृढ़ करने की मांग रखी गई। इस अवसर पर राम मंदिर नवागढ़ के महंत सुरेंद्र दास वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने गौ सेवा को सनातन संस्कृति की आत्मा बताया। कार्यक्रम में मिंटू बिसेन, अमित जैन, शिव पाठक, दिलीप जायसवाल, लक्ष्मी जैन, नरेंद्र जायसवाल, रमेश यादव एवं सत्य ताम्रकार सहित अनेक प्रमुख नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में नवागढ़ क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिनमें विशेष रूप से युवा वर्ग का उत्साह देखने लायक रहा। आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि गौ संरक्षण का मुद्दा अब जनभावना से जुड़ चुका है और इसे लेकर समाज में व्यापक जागरूकता बढ़ रही है।




## गौसंरक्षण के समर्थन में नांदघाट में हस्ताक्षर अभियान, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**नांदघाट।** देश में गौवंश के संरक्षण, सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने की मांग को लेकर नांदघाट में गौसेवकों और गोप्रेमियों द्वारा विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

इसके तहत गाजे-बाजे और कीर्तन के साथ भव्य रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली की शुरुआत शीतला मंदिर नांदघाट से हुई, जहां से गौसेवक ढोलक और कीर्तन के साथ मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैंड से गुजरते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। वहां राजस्व विभाग के प्रतिनिधि, राजस्व निरीक्षक को हस्ताक्षरित आवेदन की प्रतियां सौंपकर अपनी मांगें प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में अंजय बघेल, विवेक शुक्ला, विजय वर्मा, ललित साहू, मस्तराम वर्मा, योगेश शर्मा, मनीष शुक्ला, ब्रजेश सोनी, जितेंद्र वर्मा, रोहित निषाद, नंद किशोर साहू, मेहुल वर्मा, लोकेश वर्मा, निरंजन चेलक, अशोक कोसले, नंदू, राम अवतार वर्मा, उमेंद वर्मा, दुलेश्वर निषाद, प्रवीण वर्मा, मनोज निषाद, मनोज यादव सहित सैकड़ों की संख्या में गौसेवक, गोप्रेमी एवं मातृशक्ति की सहभागिता रही।

## बालवाड़ी शिक्षकों का फूटा गुस्सा और मानदेय भुगतान में देरी पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ दो सत्रों का भुगतान लंबित, फेडरेशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

जिले में बालवाड़ी शिक्षकों को लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने के मुद्दे ने तूल पकड़ लिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सर्व शिक्षक फेडरेशन, जिला बेमेतरा ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द भुगतान की मांग की है।

फेडरेशन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि जहां प्रदेश के अन्य जिलों में बालवाड़ी शिक्षकों का मानदेय जारी किया जा चुका है, वहीं बेमेतरा जिले में सत्र 2024-25 एवं 2025-26 का मानदेय अब तक लंबित है। इससे शिक्षकों में गहरा असंतोष व्याप्त है और वे आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। फेडरेशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो बालवाड़ी संचालन प्रभावित हो सकता है। इसका सीधा असर छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर पड़ेगा। जिलाध्यक्ष विकास चौबे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान किशन ठाकुर, सोनल नामदेव, नागेश्वर साहू, दिलीप साहू, पोषण कुमार साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। फेडरेशन ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल लंबित मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके और बालवाड़ी केंद्रों का संचालन सुचारू रूप से जारी रह सके।



## निक्षय निरामय 100 दिनी अभियान फेज 0.2उच्च जोखिम गाँवों में चेस्ट एक्स-रे व बलगम जांच से टीबी की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत साजा विकासखंड में टीबी मुक्त भारत अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

यह अभियान माननीय मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री की मंशा के अनुरूप कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर एवं जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. बी.एल. राज के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उच्च जोखिम वाले गाँवों में विशेष अभियान चलाकर टीबी की सक्रिय खोज की जा रही है। अभियान के तहत उन लोगों को उच्च जोखिम श्रेणी में शामिल किया गया है, जो पहले टीबी से ग्रसित रह चुके हैं, टीबी मरीजों के संपर्क में रहे हैं, 60 वर्ष से अधिक आयु के हैं, कुपोषित हैं, धूम्रपान या नशा करते हैं, मधुमेह से पीड़ित हैं या भीड़भाड़ वाले स्थानों में रहते अथवा कार्य करते हैं। अभियान के अंतर्गत लक्षणयुक्त व्यक्तियों की हैंड हेल्ड चेस्ट एक्स-रे एवं बलगम (सपुटम) जांच की जा रही है। जांच में टीबी की पुष्टि होने पर मरीजों का तत्काल उपचार प्रारंभ किया जा रहा है। यह 100 दिवसीय अभियान 24 मार्च से शुरू होकर निरंतर जारी है, जिसमें मरीजों को डॉट्स एवं टीपीटी के तहत नियमित उपचार प्रदान किया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में घर-घर सर्वे कर संभावित मरीजों की सूची तैयार की गई थी। उसी आधार पर अब माइक्रोप्लान के अनुसार चिन्हित उच्च जोखिम वाले गाँवों में जांच कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत साजा विकासखंड के 47 गाँवों को उच्च जोखिम क्षेत्र में शामिल किया गया है। अब तक देवकर, अकलवारा, सहसपुर, नवकेशा, थानखम्हरिया, ओड़िया, तेंदो और परसबोड़ सहित सभी चिन्हित गाँवों में स्क्रीनिंग व जांच कार्य किया जा चुका है और जारी है। साथ ही टीबी मरीजों को नियमित दवा सेवन और पोषण आहार लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. वर्मा एवं बीपीएम लोकेश साहू के मार्गदर्शन में अभियान का सफल संचालन हो रहा है, जबकि खंड वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक पुरन दास द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इस अभियान को सफल बनाने में जिला कार्यक्रम समन्वयक संपत्ति बंजारे, एक्स-रे टेक्नीशियन जावेद खान व सैज टंडन, सीएचओ, आरएचओ संजय दास मानिकपुरी, के. देशमुख, गुलाब टंडन सहित मितानिन कार्यकर्ता सविता, पुष्पा अनंत, सुनीता तिवारी तथा समस्त स्वास्थ्य अमले का सराहनीय योगदान मिल रहा है।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### नागरिक अधिकार और सुरक्षा पर दी जानकारी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा संचालित जन मित्र योजना अभियान के तहत थाना भिलाई नगर द्वारा हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## विकसित भारत के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी : कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ महिला आरक्षण बिल पर जिला पंचायत में निंदा प्रस्ताव पारित

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में लोकसभा में प्रस्तावित 33% महिला आरक्षण बिल को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में आरोप लगाया गया कि विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस द्वारा पर्याप्त सहयोग नहीं दिए जाने के कारण बिल पारित नहीं हो सका।

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने सामान्य सभा में निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत की अवधारणा पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें महिलाओं की समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। देश की आधी आबादी—माताएं और बहनें—यदि निर्णय प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगी, तो विकास अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास" का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब महिलाओं को नीति निर्माण और शासन में बराबरी का अवसर मिलेगा। महिला आरक्षण को लेकर वर्षों से चल रही चर्चा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि इसे वास्तविक रूप दिया जाए। कल्पना तिवारी ने पंचायत स्तर पर महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछले 25–30 वर्षों में पंचायतों में आरक्षण के माध्यम से महिलाओं ने नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का परिचय दिया है। जो महिलाएं पहले अपनी बात रखने में संकोच करती थीं, आज वे प्रभावी ढंग से निर्णय ले रही हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा कि अब यह महिला शक्ति केवल पंचायत स्तर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि विधानसभा और संसद तक उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना समय की मांग है। महिलाओं की संवेदनशीलता और अनुभव देश को नई दिशा देने में सक्षम हैं। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की उपस्थिति में सभी सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। इस दौरान उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद पटेल, प्रीति गोविंद पटेल, मधु रॉय, अंजू बघेल, प्रीतम चंदेल सिंह, अनिल वर्मा, अंजलि नंदराम गंधर्व, देवी परमेश्वर वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–7354–411411